GLOBAL P.G. COLLEGE

(Affiliated to University of Rajasthan)

Nehru Colony, Lalsot, District - Dausa (Rajasthan) 303503

प्रवेश नीति एवं प्रक्रिया

महाविद्यालय में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश, राजस्थान विश्वविद्यालय/आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,राजस्थान द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं महाविद्यालय की प्रवेश नीति के अनुरूप किया जाएगा। इस प्रवेश नीति का उद्देश्य महाविद्यालयों में पारदर्शी, मेरिट आधारित एवं समान अवसर प्रदान करने वाली प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करना है, ताकि उच्च शिक्षा तक सभी पात्र अभ्यर्थियों की समान पहुँच सुनिश्चित की जा सके।प्रवेश से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया निम्नानुसार होगी—

1. आवेदन प्रक्रिया

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को संबंधित संकाय/पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करना अनिवार्य होगा।अभ्यर्थी को निर्धारित आवेदन प्रपत्र को पूर्णतः एवं सही रूप में भरकर, सभी आवश्यक अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित महाविद्यालय कार्यालय में जमा करना होगा।प्रवेश आवेदन प्रपत्र एवं विवरणिका महाविद्यालय कार्यालय से कार्य-दिवसों में प्राप्त की जा सकती

2. पात्रता मापदंड

(क) स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु

अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 अथवा समकक्ष अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। न्यूनतम अंकों की पात्रता निम्नानुसार होगी—

(i) राजस्थान राज्य में स्थित किसी विद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी

(ii) राजस्थान का निवासी (भाग–V के नियम 2 के अनुसार परिभाषित) जो राजस्थान राज्य के बाहर से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण हो—

- BA : न्यूनतम 45% अंक / समकक्ष CGPA
- B Com: न्यूनतम 45% अंक / समकक्ष CGPA
- BSc : न्यूनतम 48% अंक / समकक्ष CGPA

(iii) राजस्थान के बाहर स्थित किसी स्थान से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जो राजस्थान का निवासी न हो—

- BA /BCom/ BSc : न्यूनतम 60% अंक / समकक्ष CGPA

(ख) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

एम.ए. (MA) में प्रवेश हेतु –

(i) राजस्थान राज्य में स्थित विश्वविद्यालय से किसी संकाय से अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 48 प्रतिशत अंक अथवा आवेदित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक

(ii) राजस्थान राज्य के बाहर अवस्थित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी संकाय से अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक

प्राचार्य
ग्लोबल पी.जी. महाविद्यालय
लालसोट-303503
जिला दौसा (राजस्थान)
कॉलेज कोड-0301

Scanned with OKEN Scanner

GLOBAL P.G. COLLEGE

(Affiliated to University of Rajasthan)

Nehru Colony, Lalsot, District - Dausa (Rajasthan) 303503

एम.एससी. (MSc) में प्रवेश हेतु –

(i) राजस्थान राज्य में स्थित विश्वविद्यालय से आवेदित विषय सहित विज्ञान संकाय से अर्हकारी परीक्षा में अथवा आवेदित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक

(ii) राजस्थान राज्य के बाहर अवस्थित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आवेदित विषय सहित विज्ञान संकाय से अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक

3.चयन प्रक्रिया

- प्रवेश मुख्यतः शैक्षणिक योग्यता एवं मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा।
- राज्य सरकार, विश्वविद्यालय एवं नियामक संस्थाओं द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति लागू होगी।

4. शुल्क एवं प्रवेश की पुष्टि

चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।शुल्क जमा न करने पर प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।शुल्क जमा होने के पश्चात ही प्रवेश को अंतिम माना जाएगा।

5. आवश्यक दस्तावेज

प्रवेश के समय अभ्यर्थी को निम्नलिखित मूल प्रमाण-पत्र एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा—

- ✓ स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (Transfer Certificate)
- ✓ चरित्र प्रमाण-पत्र (Character Certificate)
- ✓ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका (Marksheet)
- ✓ जन्मतिथि के प्रमाण हेतु हाई स्कूल/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र
- ✓ माइग्रेशन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate), यदि लागू हो
- ✓ पहचान पत्र (आधार कार्ड/अन्य)
- ✓ पासपोर्ट साइज फोटो

6.आवश्यक सूचना-

महाविद्यालय में सभी प्रकार की प्रवेश एवं आरक्षण संबंधी प्रक्रियाएँ आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान तथा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों, आदेशों एवं प्रावधानों के अनुरूप ही संपादित की जाएँगी।

प्राचार्य
ग्लोबल पी.जी. कॉलेज

प्राचार्य
ग्लोबल पी.जी. महाविद्यालय
लालसोट–303503
जिला दौसा (राजस्थान)
कॉलेज कोड-0801

प्रतिलिपि हेतु:

1. समस्त संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों को
2. समस्त छात्र-छात्राओं को
3. सूचना-पट्ट हेतु
4. महाविद्यालय की वेबसाइट हेतु

Scanned with OKEN Scanner